प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

0000000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद के खात्मे के लिए इसके खिलाफ मजबूत तंत्र बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार भारत को आतंकमुक्त करने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के प्रति वचनबद्ध है। आज नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने देश की सुरक्षा को मजबूत करने में राज्यों के साथ विभिन्न एजेन्सियों की बीच समन्वय बढाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय आंतकरोधी नीति और रण नीति लाई जायेगी। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद के वर्तमान स्वरूप को देखते हुए आज उच्चतम टेक्नोलॉजी के साथ ही अधिकारियों को इनका प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहा है। इसमें एकीकृत संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ, आतंकवाद से निपटने में विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय बढाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान पुलिस और केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी तथा विधि, फॉरेंसिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श कर रहे है। इनमें आतंकवाद की रोकथाम के लिए कानूनी ढांचा, अभियोजन की चुनौतियाँ और उभरती प्रौद्योगिकी जैसे मुद्दे शामिल है।

0000

केन्द्र सरकार की वन रैंक वन पेंशन–ओआरओपी योजना के 10 साल पूरे होने पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह पहल उन योद्धाओं और भूतपूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि है, जो राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस योजना को लागू करने का निर्णय, लंबे समय से चली आ रही मांग और सैनिकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता प्रकट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था।

0000

कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अगले साल से शुरू कर दिया जाएगा। इसका काम दिसंबर 2027 में पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। प्रोजेक्ट को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इसके पहले चरण में 3 हजार 200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़े रनवे, 7 विमान पार्किंग क्षेत्र, 20 हजार वर्ग मीटर टर्मिनल बिल्डिंग, 14 चेक इन काउंटर और 2 कन्वेयर बेल्ट बनेंगे। यहां हवाई अड्डे के साथ पायलट प्रशिक्षण के लिए फ्लाइंग क्लब और फ्लाइंग स्कूल का विकास किया जाएगा। यह हवाई अड्डा हर साल 20 लाख यात्रियों और प्रति घंटे 1 हजार यात्रियों की क्षमता वाला होगा। हवाई अड्डे को इस रूप में बनाया जाएगा कि वर्तमान में घरेलू उड़ानों में उपयोग में आ रहे सबसे बड़े हवाई जहाज भी यहां से उड़ान भर सकेंगे। भविष्य में अंतरराष्ट्रीय उड़ाने भी संचालित हो सकेंगी। रक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2023 में कोटा हवाई अड्डे के लिए एनओसी जारी की थी। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राजस्थान सरकार के बीच इस साल जुलाई में एमओयू हुआ था।

0000

राजस्थान प्रशासनिक सेवा–आरएएस परीक्षा–2024 अगले साल 2 फरवरी को आयोजित की जाएगी। 733 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में राज्य सेवा के 346 पद और अधीनस्थ सेवा के 387 पद शामिल है। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि 19 सितंबर से 18 अक्टूबर रखी गई थी। इस दौरान आयोग को 6 लाख 75 हजार 984 आवेदन मिले। आवेदन करने वालों में 4 लाख 53 हजार से ज्यादा पुरुष, 2 लाख 22 हजार से ज्यादा महिलाएं और 32 थर्ड जेंडर के अभ्यर्थी शामिल हैं।

0000

सूर्य आराधना का महापर्व छठ, प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न घाटों पर आज शाम को श्रद्धालु डूबते सूरज को अर्घ्य देंगे। चार दिवसीय इस पर्व का समापन कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। जयपुर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए है। भीलवाड़ा में मानसरोवर झील के पास सामूहिक आयोजन में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहां वस्त्र और खनन उद्योगों में बिहार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के लगभग एक लाख मजदूर काम करते हैं। ऐसे में उनके लिए विशेष आयोजन किये जा रहे है। कोटा के रंगबाडी बालाजी कुंड, भीतरिया कुंड और चम्बल नदी के किनारे रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर सूर्य उपासना का यह पर्व मनाया जा रहा है। पाली में लाखोटिया स्थित छठ घाट को सजाया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि भगवान सूर्य और छठी मैया के अशिर्वाद से सभी के जीवन में नई उर्जा का संचार हो और सकारात्मकता का प्रकाश फैले।

0000

रेलव, यात्रियों की सुविधा के लिए कल से एक सौ 64 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा। अगले तीन दिनों तक करीब 4 सौ 76 रेलगाड़ी चलाने की योजना है। रेलवे के अनुसार पिछले 36 दिनों में चार हजार पांच सौ इक्कीस गाड़ियां चलाई गईं जिससे 65 लाख यात्रियों ने यात्रा की। रेल मंत्रालय का कहना है कि 6 करोड़ 85 लाख से अधिक यात्रियों ने बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड की यात्रा की। चार नवम्बर को रेलवे ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया। उसने एक दिन में तीन करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंत्तव्य तक पहुंचाया गया।

0000